अजमेर लोकसभा सीट के लिए 14 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद

अजमेर में 52.38 प्रतिशत हुआ मतदान

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण के 12 लोकसभा सीटों पर हुए मतदान को लेकर अजमेर संसदीय क्षेत्र में 14 प्रत्याशियों की किस्मत जनता ने ईवीएम में बंद कर दी। अजमेर लोकसभा क्षेत्र में मतदान पूरे उत्साह के साथ मतदान हुआ। अजमेर लोकसभा क्षेत्र के आठों विधानसभा अजमेर उत्तर, अजमेर दक्षिण, किशनगढ़, पुष्कर, मसूदा, केकड़ी, नसीराबाद व दूदू में सभी जगह मतदान शांतिपूर्ण रहा है। शादी के मंडप से दूल्हा ने किया अपने मताधिकार का उपयोग। दरगाह शेख अतीक चिश्ती की शुक्रवार को शादी थी, लेकिन उसने पहले वोट दिया उसके बाद शादी की रस्में पूरी की। द्वितीय चरण में अजमेर लोकसभा सीट के लिए मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुआ। मतदान का समय शाम को 6 बजे समाप्त होने के बाद भी अधिकतर बूथों पर मतदाताओं की कतारें लगी रही। ऐसे में मतदान समाप्त होने से पहले जो मतदाता कतार में लग गएए उन्होंने मताधिकार का प्रयोग किया है। पूरे दिन उत्साह से चले मतदान के बीच जनता ने 14 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कर दिया है। सभी प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी है।

लोकसभा निर्वाचन हेतु शुक्रवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर भारती दीक्षित पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई व राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में माखुपुरा स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों को सील किया गया। परिणाम 4 जून को मतगणना में जारी होंगे।

दिन में यूं चढ़ता रहा मतदान का पारा : अजमेर लोकसभा सीट पर मतदान का पारा पोलिंग शुरू होने के साथ ही लगातार चढ़ता रहा। तेज गर्मी के बीच भी सभी विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सुबह 7 बजे मतदान शुरू होने के बाद शुरुआती दो घंटे में प्रदेश में 11.61 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, वहीं सुबह 11 बजे 24.43 प्रतिशत मतदान हुआ। दोपहर एक बजे 35.77 और 3 बजे 43.28 प्रतिशत मतदान हुआ। वही 6 बजे तक लगभग 52.38 प्रतिशत मतदान हुआ।

अजमेर लोकसभा सीटों पर मतदान का उत्साह हर किसी में नजर आया। सुबह मतदान शुरू होने के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं से लेकर आमजन तक पूरे उत्साह से मतदान केंद्र पर पहुंचे। अजमेर में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पत्नी सहित वही अजमेर दक्षिण में विधायक अनीता भदेल, कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी पत्नी मूली देवी के साथ अपने पैतृक गांव देवास में, भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी ने किशनगढ़ में इनके अलावा कई नेता मतदान केंद्रों पर पहुंचकर लाइन में लगे और मतदान किया। इसी प्रकार आम मतष्टाताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। मतदान केंद्रों पर युवाओं से लेकर बुजुर्ग मतदाताओं ने पूरे जोश के साथ मतदान किया। इस पर भाजपा की प्रत्याशी भागीरथ चौधरी और कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी ने अपनी अपनी जीत के दावे किए हैं। प्रशासन की ओर से मतदाताओं को धूप से बचने के लिए टेंट व पानी की व्यवस्था की गई।

नए युवा मतदाताओं में दिखा उत्साह

लोकसभा चुनाव में हर आयु वर्ग के मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग किया इनमें युवावस्था की दहलीज पर आए नए मतदाताओं की संख्या भी अच्छी खासी रही। ऐसे नए मतदाताओं में पहली बार मतदान को लेकर काफी उत्साह नजर आया। पहली बार वोट डालकर उनके चेहरे पर अलग ही खुशी नजर आई। पहली बार मतदान करने आए एक युवा मतदाता ने कहा कि मतदान की प्रकिया और प्रणाली को देखा। मतदान केंद्र पर अच्छी व्यवस्था थी,वोट देने में कोई तकलीफनहीं हुई।

सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद

लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर भारती दीक्षित और जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार सहित पुलिस और निर्वाचन विभाग के अधिकारी अलर्ट मोड़ पर रहे। शाम 6 बजे मतदान के बाद माखुपुरा राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में मतपेटियों को सुरक्षित रखवाया जाएगा। अजमेर लोक सभा की अजमेर उत्तर और दक्षिण, नसीराबाद, केकड़ी, मसूदा, दूदू, किशनगढ़ और पुष्कर विभानसभा में मतदान के चलते कड़े सुरक्षा इतजाम रहे

भाजपा की शिकायत पर कॉन्स्टेबल को हटाया

अजमेर के हाउसिंग बोर्ड ऑफिस में बूथ संख्या 83 पर तैनात पुलिस कॉन्स्टेबल को भाजपा की शिकायत के बाद हटा दिया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सोनी का आरोप था कि कॉन्स्टेबल का मतदाताओं से व्यवहार ठीक नहीं था। सोफिया कॉलेज के बाहर एक स्टाफकी ओर से कन्विसिंग की जा रही थी। आरोप था कि इससे वोटर भ्रमित हो रहे थे।

महिला इंजीनियरिंग कॉलेज के गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने जताई नाराजगी

पे-रेक्टिफिकेशन मामला : कॉलेज प्रशासन पर लगाया मनमानी का आरोप

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। आदर्श नगर थाना क्षेत्र के माखूपुरा स्थित महिला इंजीनियरिंग कॉलेज में गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के डीपीसी विवाद और एआर डीआर के पे-रेक्टिफिक्रेशन मामले में कर्मचारियों ने कॉलेज प्रशासन पर मनमानी और तानाशाही रवैया अपने का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई है। कर्मचारियों ने डीपीसी व पेरक्टिफिकेशन करने की मांग की।

महिला इंजीनियरिंग कॉलेज के गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कॉलेज प्रशासन ने डीआर पुष्पेंद्र कुमार सिंह सहित दो एआर का पे-रेक्टिफिकेशन 14 मार्च को जयपुर में गलत तरीके से गुपचुप कर दिया गया था। इस कारण कॉलेज के सभी कर्मचारी 25 दिन से अपनी नाराजगी जता रहे हैं। लेकिन कॉलेज प्रशासन इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। हाल में अजमेर आए मुख्यमंत्री को भी कार्मिकों ने ज्ञापन देकर इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की थी।

डीपीसी प्रक्रिया पर पड़ रहा असर: कर्मचारियों ने कहा कि कॉलेज प्रशासन के तानाशाही व जानबूझ कर कर्मचारियों के विरोध को नजर अंदाज कर रहा है, जिसके चलते डीपीसी प्रक्रिया पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। महिला इंजीनियरिंग कॉलेज में गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की डीपीसी प्रक्रिया शुरू की गई थी। कार्मिकों ने आरोप लगाया था कि इसके बारे में पूरी जानकारी कार्मिकों को दी ही नहीं गई।

चहेतों को पहुंचाया जा रहा लाभ: नाराज कर्मचारियों ने कहा कि कॉलेज प्रशासन अपने चहेतो को लाभ पहुंचाने के लिए गुपचुप तरीके से 14 मार्च 2024 को जयपुर जाकर डीआर और एआर का पे-रेक्टिफिकेशन कर दिया गया,जब इसका विरोध किया गया। लेखाशाखा को भी अवगत कराया गया। बीटीयू के कुलपति, तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारियों को इस मामले की जानकारी दी गई। कर्मचारियों को बगैर सूचना दिए एक कमेटी जयपुर से डीपीसी के लिए यहां भी आईए लेकिन कर्मचारियों ने यह कह कर डीपीसी में शामिल होने से इनकार कर दिया कि जब तक डीआर और एआर के पे. रेक्टिफिक्रेशन को वापस नहीं लिया जाता तब तक डीपीसी में शामिल नहीं होंगे। इसके बाद से ही इस मामले में खामोशी बनी हुई है। अब कार्मिकों ने आरोप लगाया है कि कॉलेज प्रशासन तानाशाही रवैया अपना रहा है।

रीजनल कॉलेज में 150 सीटों पर मिलेगा प्रवेश, 12 जून को एंट्रेंस टेस्ट लिया जाएगा

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। रीजनल कॉलेज इंस्टीट्यूट अजमेर सहित देशभर के रीजनल इंस्टीट्यूट और अन्य संस्थानों में 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स में प्रवेश के लिए एनटीए 12 जून को एनकेट ;नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्टद्ध कराएगा। एनटीए ने इसी माह एनकेट शामिल संस्थानों में प्रवेश का शेड्यूल जारी किया था। इस एंट्रेंस टेस्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। आवेदन की आखिरी तारीख 30 अप्रैल है।

अजमेर के रीजनल कॉलेज में बीए बीएड की 50 और बीएससी बीएड की 100 सीटों पर प्रवेश के लिए विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। रीजनल कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर एसवी शर्मा के मुताबिक रीजनल कॉलेज के कुछ कोर्सेस में एनसीईआरटी की व्यवस्था के तहत प्रवेश होते थे। नेशनल एंट्रेंस टेस्ट से यह प्रवेश किए जाते थे। इससे केवल उत्तर भारत के विद्यार्थी ही टेस्ट में शामिल होते थे। अब एनटीए द्वारा कॉमन एंट्रेंस टेस्ट लेने से देश भर के विद्यार्थी रीजनल कॉलेज में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स के तहत बीए बीएड प्रथम वर्ष में 50 सीटें हैं। बीएससी बीएड प्रथम वर्ष में 100 सीटें हैं। एनटीए द्वारा जारी शेड्यूल के मुताबिक 30 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन के बाद 2 मई से 4 मई तक आवेदक अपने आवेदनों में संशोधन कर सकेंगे। इसके बाद मई के आखिरी सप्ताह में उन शहरों की घोषणा कर दी जाएगी। जहां यह एंट्रेंस टेस्ट होगा। परीक्षा के तीन दिन पहले एनटीए की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र अपलोड किए जाएंगे।

मंजूरी के बाद भी श्रम विभाग से आश्रितों को सहायता राशी का इंतजार

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। श्रम विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थी श्रमिकों को मृत्यु उपरांत उनके आश्रितों को मिलने वाली सहायता राशि करीब 4 साल से नहीं मिल पा रही है। वहीं आवेदनों की जांच और सर्टिफिक्रेट अपलोड किए जाने के बाद भी अभी तक श्रमिकों के आश्रितों को भुगतान नहीं मिल पा रहा है। श्रम विभाग की लेटलतीफी का खामियाजा 2020 से काल का ग्रास बने 165 श्रमिकों को भुगतना पड़ रहा है जिनके आवेदन श्रम विभाग की देरी के चलते निरस्त कर दिया गया। इतना ही नहीं जिन 94 श्रमिकों के आवेदन सभी जरूरी जांच पूरी होने के बावजूद अभी तक उनके आश्रितों को मृत्यु सहायता राशि का इंतजार है। वहीं 147 श्रमिकों के आवेदन अभी तक पेंडिंग ही चल रहे हैं। गौरतलब है कि श्रम विभाग द्वारा श्रमिक की किसी दुर्घटना में मृत्यु होने की स्थिति में विभाग से पांच लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है। दुर्घटना के दौरान स्थायी अपंगता जैसे दोनों हाथए दोनों पैर या दोनों आंखें खराब हो जाने पर भी तीन लाख की आर्थिक सहायता आंशिक अपंगता की स्थिति में एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता का प्रावधान है।

गौरतलब है कि श्रम विभाग की वेबसाइट के अनुसार 2020 से अभी तक 407 श्रमिकों की मृत्यु के बाद सहायता के लिए आवेदन किया गया है। श्रम विभाग के अनुसार 2020 में तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा आवेदनों की जांच के लिए टीम का गठन किया गया था। जिला कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम के निर्देशन में जांच टीमों द्वारा 94 श्रमिकों के आवेदनों को पास कर दिया गया। वहीं जांच के बाद 165 आवेदनों को निरस्त कर दिया गया।

व्यापारी ने अपने प्रतिष्ठानों का रखा स्वैच्छिक अवकाश

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को लोक सभा के चुनाव के मध्य नजर व्यापारियो के द्वारा अपने अपने प्रतिष्ठानो का स्वैच्छिक अवकाश रख कर और अपने मत का प्रयोग करके शान्तिपूर्ण मतदान करने में जिला प्रशासन का सहयोग किया। अजमेर व्यापारिक महासंघ के अध्यक्ष महेन्द्र बंसल और संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि न्यू मैजेस्टिक यूथ ग्रुप के अध्यक्ष नीरज नन्दा के आदेश पर न्यू मैजेस्टिक बाजार का स्वैच्छिक अवकाश रखकर व्यापारियो के द्वारा जिला निर्वाचन धिकारी एवं चुनाव आयोग के शान्तिपूर्ण मतदान में अपना अपना योगदान किया है। वहीं गंज क्षेत्र, देहली गेट,गुरूद्वारा क्षेत्र, न्यू मैजेस्टिक सहित अनेक अन्य क्षेत्रो में भी श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के व्यापारियो ने स्वेच्छा से अपने अपने प्रतिष्ठानो का अवकाश रखा।

विशाल भजन- संध्या समारोह आज

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। श्री श्याम मित्र मंडल हरी भाऊ उपाध्याय नगर अजमेर में विशाल भजन संध्या 27 अप्रैल को होगी। फिर सजेगा दरबार आयेंगे लाख दातार। श्री श्याम मित्र मंडल हरी भाऊ मुख्य द्वारा आयोजित भव्य श्याम भजन संध्या सामुदायिक भवन के सामने होगी। मंडल प्रवक्ता अशोक टाक ने बताया की आगामी 27 अप्रैल शनिवार को आयोजित भजन संध्या में पूजा नथानी कोलकाता, अनुभव अग्रवाल, टाटा नगर से अजमेर में पहली बार प्रस्तुति देंगे व विमल गर्ग अजमेर द्वारा भजनों की सरिता बहाएंगे।

शांति पूर्वक मतदान के लिए शहर व्यापार महासंघ ने जताया आभार

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। शहर व्यापार महासंघ के प्रवक्ता सीए विकास अग्रवाल व प्रवक्ता कमल गंगवाल ने शांतिपूर्वक मतदान करने पर व्यापारी वर्ग व आम जनता का जताया आभार। महासंघ के अध्यक्ष किशन गुप्ता व महामंत्री प्रवीण जैन ने बताया कि अजमेर शहर व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापारी, कर्मचारी व आमजन में जनजागरूकता अभियान चला कर अपनी सहभागिता दी। गंगवाल ने शांतिपूर्वक मतदान के लिए जिला प्रशासन व जिला पुलिस विभाग का भी आभार व्यक्त किया। आभार व्यक्त करने वालों में किशन गुप्ता, भगवान चंदीराम, प्रवीण जैन, अशोक बिंदल, सीए विकास अग्रवाल, कमल गंगवाल, गिरीश लालवानी, सुरेश चारभुजा, नरेंद्र सिंह छाबड़ा, विवेक जैन आदि मौजूद थे।

घर से ढ़ाई तोला सोने की चेन चोरी, मामला दर्ज

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। क्लॉक टावर थाना क्षेत्र में घर से ढाई तोला सोने की लॉकेट सहित चेन चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने पड़ोस में रहने वाली युवती पर मोबाइल चार्ज करने के बहाने घर से चेन चोरी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्लॉक टावर थाना पुलिस के अनुसार शिशाखान निवासी हुसैन बानो पत्नी फजलुद्दीन की ओर से थाने पर शिकायत दी गई है महिला ने बताया कि वह दौलतबाग पूरे परिवार के साथ घूमने गई थी। पड़ोस में रहने वाली युवती भी उसके साथ गई थी। पीड़ित महिला ने बताया कि जाते समय पड़ोसी के सामने उसने ढाई तोले की सोने की चेन जिसमें लॉकेट लगा हुआ था वह पहनी थी। आने के बाद उसने पड़ोसी के सामने ही उतरकर कमरे में पर्स में रख दी थी। दूसरे दिन पड़ोसी युवती उसके घर आई और मोबाइल चार्ज करने के बहाने जहां पर्स रखा था वहां जाकर बैठ गई। बार बार आवाज देकर बुलाया तो वह नहीं आई। पीड़ित महिला ने बताया कि उसके बाद से उसकी सोने की चैन लॉकेट सहित गायब है। चेन गायब होने के बाद से पड़ोसी युवती भी उसके घर नहीं आई। जब उसने उसे बुलाया तो वह अपनी मां के साथ आई और चैन के बारे में पूछा तो कुछ संतोजनक जवाब नहीं दे पाई में रहने वाली युवती ने चोरी की है।

ग्रामीणों ने किया मतदान का बहिष्कार

ग्राम बलवंता में पेयजल की समस्या, ग्रामीणों ने मतदान के लिए किया मना

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर

निकटवर्ती ग्राम बलवंता में पेयजल की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया । ग्रामीणों द्वारा मतदान बहिष्कार की सूचना गुरुवार शाम मिलते ही पीएचईडी के एक्सईएन ओंकार मुंडेलए गमद नरेंद्र कुमार ऐरनए बीडीओ अजमेर ग्रामीण शिवदान सिंहए ।म्छ राजेश आर्यए श्रम्छ शंकरलाल चौधरी ने मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों को समझाया और आचार संहिता के नियमों की बात बताकर शीघ्र ही पेयजल की समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

अधिकारियों ने मौका पर्चा बनाकर लिखित आश्वासन दिया कि ग्राम बलवंता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर कनेक्शन देने हेतु मुख्य परियोजना में शामिल होने के वृहद परियोजना से बाहर कर अलग निविदा आमंत्रित कर कार्य प्रारंभ करने पर जोर दिया जा रहा है इसके लिए आचार संहिता के बाद इसके प्रस्ताव बनाकर तुरंत मुख्यालय प्रेषित किया जाएगा तथा स्वीकृति उपरांत प्राथमिकता पर यह कार्य करवाया जाएगा वर्तमान में पुरानी लाइन पर अवैध कनेक्शन पर साथ दिवस में ग्राम में विद्यालय तक सुचारू कर दिया जाएगा इस लिखित आश्वासन के दौरान ग्राम सरपंच सहित उप सरपंच तथा विकास अधिकारी और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे परंतु लिखित आश्वासन के बाद भी ग्रामीणों ने किसी भी प्रकार से मतदान करने के लिए मना कर दिया।

जेएलएन अस्पताल में मासूम की मौत का मामला

पांच सदस्यों की कमेटी ने जांच की पूरी

ड्यूटी व ऑपरेशन के समय मौजूद रेजिडेंट के बयान होना बाकी, अस्पताल अधीक्षक को सौंपी रिपोर्ट

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में विगत दिनों शनिवार को हुई आठ वर्षीय मासूम बालक की हुई मौत के मामले में गठित पांच सदस्यों की जांच कमेटी ने अपनी जांच पूरी कर ली है। अब कमेटी केवल ड्यूटी व ऑपरेशन के दौरान मौजूद रहे रेजीडेंट चिकित्सक के बयान होना बाकी है।

जांच कमेटी के सदस्यों को शिशु यूनिट, नेत्र रोग व एनेस्थिसिया व ऑपरेशन के दौरान मौजूद रहने वाले रेजीडेंट जिन्होंने ऑपरेशन से पहले व बाद में मासूम की जांच की, ऑपरेशन थियेटर में कौन-कौन रेजीडेंट थे। ऑपरेशन से पहले व बाद में जांच की क्या रिपोर्ट आई। वार्ड में बच्चे की क्या स्थिति थी। शिशु यूनिट के आईसीयू में बच्चे को एडमिट किए जाने के दौरान उसकी क्या स्थिति रही। वहां पर क्या उपचार दिया गया। इस मामले में किसी सीनियर से बात की गई थी या नहीं। ऑपरेशन से पहले किस किस की जांच करवाई गई। इन सभी को लेकर रेजिडेंट के बयान दर्ज होने हैं।

अधीक्षक को सौंपी रिपोर्ट: तीनों यूनिटों के रेजिडेंट के बयान होने के बाद जांच कमेटी अपनी रिपोर्ट अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे को सौंपेगी। जांच कमेटी की रिपोर्ट जमा होने के बाद ही अधीक्षक अध्ययन करके रिपोर्ट का खुलासा करेंगे। ऐसे में माना जा रहा है कि अगले सप्ताह तक इस मामले की पूरी जानकारी सामने आ जाएगी। केवल एफ एसएल व मेडिकल कॉलेज से आने वाली जांच का ही इंतजार रहेगा।

परिजन ने दर्ज कराया था मुकदमा: परिजन ने की थी जरूरत से ज्यादा एनेस्थीसिया देने की शिकायत जेएलएन अस्पताल में शास्त्री नगर निवासी आठ माह के मासूम को परिजन ने नेत्र ऑपरेशन के लिए भर्ती करवाया था। जहां ऑपरेशन के बाद मासूम की तबीयत बिगड़ने उसकी मौत हो गई। मृतक के दादा की ओर से इस मामले में कोतवाली थाने व अस्पताल अधीक्षक को लिखित में शिकायत दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए इस मामले में कमेटी का गठन किया गया। इसमें एडिशनल प्रिंसिपल व सर्जरी यूनिट के एचओडी डॉ. श्याम भूतड़ा को इसका अध्यक्ष बनाया गया। वहीं शिशु यूनिट के डॉ. पुखराज गर्ग, मेडिकल ज्यूरिस्ट यूनिट के एचओडी डॉ. आर के माथुरए नेत्र रोग विभाग के एचओडी डॉ.राकेश पोरवाल व डॉ. वीना माथुर को शामिल किया गया है।

शटडाउन के लिए लेनी होगी लिखित में अनुमति

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। अजमेर डिस्कॉम के कर्मचारी लिखित अनुमति के बिना शटडाउन नहीं ले सकेंगे। प्रबंध निदेशक केपी वर्मा ने अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित बैठक में दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सेफ्टी का ध्यान रखना होगा। वर्मा ने कहा कि अक्सर कर्मचारी शट डाउन की अनुमति फोन पर लेते हैं। अब कार्मिकों को परमिट टू वर्क लेकर ही शट डाउन लेना होगा। कार्य समाप्ति के बाद कोई व्यक्ति लाइन पर कार्यरत नहीं हैए इसे सुनिश्चित करने के बाद ही परमिट टू वर्क वापस होगा। इसे सभी जीएसएस में मेन्टेन करना होगा। प्रत्येक 33/11 जीएसएस पर लॉगशीट मेन्टेन करनी होगी।

कई कर्मचारी व संविदाकर्मी लाइन पर कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरण नहीं पहनते हैं। अब प्रत्येक उपखंड में शपथ रजिस्टर मेन्टेन करना होगा। महीने के पहले दिन कनिष्ठ अभियंता सभी फीडर इंचार्जों को लिखित में सुरक्षा उपकरण पहनने और सुरक्षा की शपथ दिलवाएंगे।